रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-08112021-230973
CG-DL-E-08112021-230973

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 634] नई दिल्ली, सोमवार, नवम्बर 8, 2021/कार्तिक 17, 1943
No. 634] NEW DELHI, MONDAY, NOVEMBER 8, 2021/KARTIKA 17, 1943

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 8 नवम्बर, 2021

सा.का.नि. 783(अ).—केंद्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ङ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात -

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.-** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम एक रूपया, दो रूपये, पाँच रूपये, दस रूपये और बीस रूपये के सिक्का निर्माण नियम, 2021 है।

   (2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्कों का अंकित मूल्य:-** केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने हेतु टकसाल में एक रूपया, दो रूपये, पाँच रूपये, दस रूपये और बीस रूपये मूल्यवर्ग के सिक्कों का निर्माण किया जाएगा।

3. **सिक्कों की विमाएं और संरचना:-** नियम 2 में उपर्युक्त अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात :-

सिक्कों का मूल्यवर्ग	आकृति और बाह्य व्यास	दाँतों की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
एक रुपया	वृत्ताकार 20 मिलीमीटर	शून्य	फेरिटिक स्टेनलेस स्टील लोहा -83%, क्रोमियम -17%

दो रूपये	वृत्ताकार 23 मिलीमीटर	किनारे पर 50 चौड़े दांते	फेरिटिक स्टेनलेस स्टील लोहा -83%, क्रोमियम -17%
पाँच रूपये	वृत्ताकार 25 मिलीमीटर	शून्य	निकल पीतल तांबा : 75% जस्ता : 20% निकल : 05%
दस रूपये	वृत्ताकार 27 मिलीमीटर	किनारे पर 100 दांते	**बाह्य वलय** निकल पीतल तांबा : 75% जस्ता : 20% निकल : 05% **मध्य भाग** निकल चाँदी तांबा : 65% जस्ता :15% निकल : 20%
बीस रूपये	12 किनारेदार (बहुभुज) 27 मिलीमीटर	शून्य	**बाह्य वलय** निकल चाँदी तांबा : 65% जस्ता : 15% निकल :20% **मध्य भाग** निकल पीतल तांबा : 75% जस्ता : 20% निकल : 05%

4. **डिज़ाइन**:- सिक्कों का डिज़ाइन इन नियमों की पहली अनुसूची मे विनिर्दिष्ट किए अनुसार होगा।

5. **मानक वजन तथा अनुमत छूट :-** उपर्युक्त अंकित मूल्य के सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुमत छूट इन नियमों की दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किए अनुसार होगी।

पहली अनुसूची

(नियम 4 देखें)

(क) एक रुपया:

(i) अग्रभाग:

सिक्के के मुख भाग पर अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा जिसके नीचे "सत्यमेव जयते" उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं परिधि पर हिन्दी मे "भारत" शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी मे "INDIA" शब्द होगा।

(ii) पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग पर मध्य में " आज़ादी का अमृत महोत्सव " का आधिकारिक लोगो का चित्र होगा। इस चित्र के नीचे रूपये का प्रतीक " ₹ " अंतर्राष्ट्रीय अंको में अंकित मूल्य "1" के साथ दर्शाया होगा । सिक्के के ऊपरी परिधि पर अँग्रेजी में "75TH YEAR OF INDEPENDENCE" लिखा होगा । सिक्के के बाईं परिधि के मध्य भाग पर अंतर्राष्ट्रीय अंको में सिक्का ढलाई का वर्ष भी दर्शाया जाएगा।

(ख) दो रुपये:

(i) अग्रभाग:

सिक्के के मुख भाग पर अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा जिसके नीचे "सत्यमेव जयते" उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं परिधि पर हिन्दी में "भारत" शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी मे "INDIA" शब्द होगा।

(ii) पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग पर मध्य में "आज़ादी का अमृत महोत्सव" का आधिकारिक लोगो का चित्र होगा। इस चित्र के नीचे रूपये का प्रतीक " ₹ " अंतर्राष्ट्रीय अंको में अंकित मूल्य "2" के साथ दर्शाया होगा । सिक्के के ऊपरी परिधि पर अँग्रेजी में "75TH YEAR OF INDEPENDENCE" लिखा होगा । सिक्के के बाईं परिधि के मध्य भाग पर अंतर्राष्ट्रीय अंको में सिक्का ढलाई का वर्ष भी दर्शाया जाएगा।

(ग) पाँच रूपये:

(i) अग्रभाग:

सिक्के के मुख भाग पर अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा जिसके नीचे "सत्यमेव जयते" उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं परिधि पर हिन्दी मे "भारत" शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी मे "INDIA" शब्द होगा।

(ii) पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग पर मध्य में "आज़ादी का अमृत महोत्सव" का आधिकारिक लोगो का चित्र होगा। इस चित्र के नीचे रूपये का प्रतीक " ₹ " अंतर्राष्ट्रीय अंको में अंकित मूल्य "5" के साथ दर्शाया होगा । सिक्के के ऊपरी परिधि पर अँग्रेजी में "75TH YEAR OF INDEPENDENCE" लिखा होगा । सिक्के के बाईं परिधि के मध्य भाग पर अंतर्राष्ट्रीय अंको में सिक्का ढलाई का वर्ष भी दर्शाया जाएगा।

(घ) दस रुपये:

(i) अग्रभाग

सिक्के के मुख भाग पर अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा जिसके नीचे "सत्यमेव जयते" उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं परिधि पर हिन्दी में "भारत" शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी मे "INDIA" शब्द होगा।

(ii) पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग पर मध्य में "आज़ादी का अमृत महोत्सव" का आधिकारिक लोगो का चित्र होगा। इस चित्र के नीचे रूपये का प्रतीक " ₹ " अंतर्राष्ट्रीय अंको में अंकित मूल्य "10" के साथ दर्शाया होगा । सिक्के के ऊपरी परिधि पर अँग्रेजी में "75TH YEAR OF INDEPENDENCE" लिखा होगा । सिक्के के बाईं परिधि के मध्य भाग पर अंतर्राष्ट्रीय अंको में सिक्का ढलाई का वर्ष भी दर्शाया जाएगा।

(ङ) बीस रुपये:

(i) अग्रभाग:

सिक्के के मुख भाग पर अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा जिसके नीचे "सत्यमेव जयते" उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं परिधि पर हिन्दी में "भारत" शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी मे "INDIA" शब्द होगा।

(ii) पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग पर मध्य में "आज़ादी का अमृत महोत्सव" का आधिकारिक लोगो का चित्र होगा। इस चित्र के नीचे रूपये का प्रतीक " ₹ " अंतर्राष्ट्रीय अंको में अंकित मूल्य "20" के साथ दर्शाया होगा । सिक्के के ऊपरी परिधि पर अँग्रेजी में "75TH YEAR OF INDEPENDENCE" लिखा होगा । सिक्के के बाईं परिधि के मध्य भाग पर अंतर्राष्ट्रीय अंको में सिक्का ढलाई का वर्ष भी दर्शाया जाएगा।

दूसरी अनुसूची

(नियम 5 देखें)

सिक्कों का मूल्यवर्ग	**मानक वज़न**	**संरचना में अनुमत छूट**	**मानक वज़न में अनुमत छूट**
(1)	(2)	(3)	(4)
एक रुपया	3.09 ग्राम	क्रोमियम में 1/100वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात क्रोमियम की मात्रा 16% से 18 % तक का अंतर हो सकता है।	1/25वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात वज़न में 2.97 ग्राम से लेकर 3.21 ग्राम तक का अंतर हो सकता है।
दो रूपये	4.07 ग्राम	क्रोमियम में 1/100वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात क्रोमियम की मात्रा 16% से 18 % तक का अंतर हो सकता है।	1/25वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात वज़न में 3.91 ग्राम से लेकर 4.23 ग्राम तक का अंतर हो सकता है।
पाँच रूपये	6.74 ग्राम	तांबा और जस्ता के लिए 1/100वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात तांबे की मात्रा में 74% से 76 % तक का अंतर हो सकता है तथा जस्ते की मात्रा में 19 % से 21 % तक का अंतर हो सकता है और निकल लिए एवं 1/200वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात निकल की मात्रा में में 4.5 % से 5.5 % तक का अंतर हो सकता है।	1/40वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात वज़न में 6.57 ग्राम से लेकर 6.91 ग्राम तक का अंतर हो सकता है।
दस रूपये	7.74 ग्राम	**बाहरी वलय (निकल तांबा)** तांबा एवं जस्ता दोनों के लिए 1/100वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात तांबे की मात्रा में 74% से 76 % तक का अंतर हो सकता है तथा जस्ते की मात्रा में 19 % से 21% तक का अंतर एवं निकल के लिए 1/200वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात निकल की मात्रा में 4.5 % से 5.5 % तक का अंतर हो सकता है। **मध्य भाग (निकल-चाँदी)** तांबा एवं जस्ता दोनों के लिए1/100वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात तांबे की मात्रा में 64% से 66 % तक का अंतर हो सकता है तथा जस्ते की मात्रा में 14 % से 16 % तक का अंतर हो सकता है और निकल के लिए 1/100वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात निकल की मात्रा में 19 % से 21 % तक का अंतर हो सकता है।	1/40वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात वज़न में 7.55 ग्राम से लेकर 7.93 ग्राम तक का अंतर हो सकता है।
बीस रूपये	8.54 ग्राम	**बाहरी वलय (निकल चाँदी)** तांबा एवं जस्ता दोनों के लिए 1/100वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात तांबे की मात्रा में 64% से 66 % तथा जस्ते की मात्रा में 14 % से 16 % तक का अंतर हो सकता है और निकल के लिए 1/100वां	1/40वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात वज़न में 8.33 ग्राम से लेकर 8.75 ग्राम तक का अंतर हो सकता है।

		हिस्सा कम या अधिक अर्थात निकल की मात्रा में 19 % से 21 % तक का अंतर हो सकता है। **मध्य भाग (निकल-पीतल)** तांबा एवं जस्ता दोनों के लिए 1/100वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात तांबे की मात्रा में 74% से 76 % तक का अंतर हो सकता है तथा जस्ते की मात्रा में 19 % से 21 % तक का अंतर एवं निकल के लिए 1/200वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात निकल की मात्रा में 4.5 % से 5.5 % तक का अंतर हो सकता है।	

[फा. सं. 02/06/2021-सिक्का]

मनीषा सिन्हा, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 8th November, 2021

G.S.R. 783(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

1. **Short title and commencement.-** (1) These rules may be called the Coinage of One Rupee, Two Rupees, Five Rupees, Ten Rupees and Twenty Rupees Rules, 2021.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of Coins.-** The coins of One Rupee, Two Rupees, Five Rupees, Ten Rupees and Twenty Rupees shall be coined at the Mint for issue under the authority of Central Government.

3. **Dimensions and Composition of Coins.-** The coins of the above denominations mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition namely:-

Denomination of coins	**Shape and outside diameter**	**Number of serrations**	**Metal composition**
(1)	(2)	(3)	(4)
One Rupee	Circular 20 Milli-meters	NIL	Ferritic Stainless Steel Containing Iron -83%, Chromium -17%
Two Rupees	Circular 23 Milli-meters	50 wider serrations on edge	Ferritic Stainless Steel Containing Iron -83%, Chromium -17%
Five Rupees	Circular 25 Milli-meters	NIL	Nickel Brass Copper: 75% Zinc: 20% Nickel: 05%

Ten Rupees	Circular 27 Milli-meters	100 Serrations on edge	**OUTER RING** Nickel Brass Copper: 75% Zinc: 20% Nickel: 05% **CENTRE PIECE** Nickel Silver Copper: 65% Zinc: 15% Nickel: 20%
Twenty Rupees	12 Edged (Polygon) 27 mm	NIL	**OUTER RING** **Nickel Silver** Copper: 65% Zinc: 15% Nickel: 20% **CENTRE PIECE** **Nickel Brass** Copper: 75% Zinc: 20% Nickel: 05%

4. **Design.-** The design of the coins shall be as specified in the First Schedule to these rules.
5. **Standard Weight and Remedy allowed.-** The standard weight of the coin of the above denomination and the remedy allowed in making of such coins shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

First Schedule

(*See* rule 4)

(a) ONE RUPEE:

(i) OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar with the legend "**सत्यमेव जयते**" inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत**" in Hindi and on the right periphery with the word "INDIA" in English.

(ii) REVERSE:

The face of the coin shall bear image of official logo of "आज़ादी का अमृत महोत्सव" at the centre of coin. The Rupee symbol "₹" along with denominational value **"1"** in the international numeral shall be shown below the image of the logo. A text **"75TH YEAR OF INDEPENDENCE"** in English is written on top periphery of the coin. The year of minting in international numerals shall be shown on centre of left periphery of the coin.

(b) TWO RUPEES:

(i) OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Hindi and on the right periphery with the word **"INDIA"** in English.

(ii) REVERSE:

The face of the coin shall bear image of official logo of "आज़ादी का अमृत महोत्सव" at the centre of coin. The Rupee symbol "₹" along with denominational value **"2"** in the international numeral shall be shown below the image of logo. A text **"75TH YEAR OF INDEPENDENCE"** in English is written on top periphery of the coin. The year of minting in international numerals shall be shown on centre of left periphery of the coin

(c) FIVE RUPEES:

(i) OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Hindi and on the right periphery with the word **"INDIA"** in English.

(ii) REVERSE:

The face of the coin shall bear image of official logo of "आज़ादी का अमृत महोत्सव" at the centre of coin. The Rupee symbol "₹"along with denominational value **"5"** in the international numeral shall be shown below the image of logo. A text **"75TH YEAR OF INDEPENDENCE"** in English is written on top periphery of the coin. The year of minting in international numerals shall be shown on centre of left periphery of the coin.

(d) TEN RUPEES:

(i) OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Hindi and on the right periphery with the word **"INDIA"** in English.

(ii) REVERSE:

The face of the coin shall bear image of official logo of "आज़ादी का अमृत महोत्सव" at the centre of coin. The Rupee symbol "₹"along with denominational value **"10"** in the international numeral shall be shown below the image of logo. A text **"75TH YEAR OF INDEPENDENCE"** in English is written on top periphery of the coin. The year of minting in international numerals shall be shown on centre of left periphery of the coin.

(e) TWENTY RUPEES:

(i) OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Hindi and on the right periphery with the word **"INDIA"** in English.

(ii) REVERSE:

The face of the coin shall bear image of official logo of "आज़ादी का अमृत महोत्सव" at the centre of coin. The Rupee symbol "₹"along with denominational value **"20"** in the international numeral shall be shown below the image of logo. A text **"75TH YEAR OF INDEPENDENCE"** in English is written on top periphery of the coin. The year of minting in international numerals shall be shown on centre of left periphery of the coin.

SECOND SCHEDULE

(*See* rule 5)

Denomination of coin	**Standard weight**	**Remedy allowed in composition**	**Remedy allowed in standard weight**
(1)	(2)	(3)	(4)
One Rupee	3.09 grams	1/100th plus or minus for Chromium, that is to say, Chromium content could vary between 16% to 18%.	1/25th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 2.97 grams to 3.21 grams

Two Rupees	4.07 grams	1/100th plus or minus for Chromium, that is to say, Chromium content could vary between 16% to 18%.	1/25th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 3.91 grams to 4.23 grams
Five Rupees	6.74 grams	1/100th plus or minus for Copper and Zinc, that is to say, Copper content could vary from 74% to 76% and Zinc content from 19% to 21% and 1/200th plus or minus for Nickel, that is to say Nickel content could vary from 4.5% to 5.5%.	1/40th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 6.57 grams to 6.91grams
Ten Rupees	7.74 grams	**Outer Ring (Nickel Brass):** 1/100th plus or minus both for Copper and Zinc, that is to say, Copper content could vary from 74% to 76% and Zinc content from 19% to 21% and 1/200th plus or minus for Nickel, that is to say Nickel content could vary from 4.5% to 5.5%. **Centre Piece (Nickel Silver):** 1/100th plus or minus both for Copper and Zinc, that is to say, Copper content could vary from 64% to 66% and Zinc content from 14% to 16% and 1/100th plus or minus for Nickel, that is to say Nickel content could vary from 19% to 21%.	1/40th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 7.55 grams to 7.93 grams
Twenty Rupees	8.54 grams	**Outer Ring (Nickel Silver):** 1/100th plus or minus for both Copper and Zinc, that is to say, Copper content could vary from 64% to 66% and Zinc content from 14% to 16% and 1/100th plus or minus for Nickel, that is to say Nickel content could vary from 19% to 21%. **Centre Piece (Nickel Brass):** 1/100th plus or minus for both Copper and Zinc, that is to say, Copper content could vary from 74% to 76% and Zinc content from 19% to 21% and 1/200th plus or minus for Nickel, that is to say Nickel content could vary from 4.5% to 5.5%.	1/40th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 8.33 grams to 8.75 grams

[F. No. 02/06/2021-Coin]

MANISHA SINHA, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2021.11.08 21:37:21 +05'30'